मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्षः 8 अंक 92
रविवार, 12 अक्टूबर 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## महिला पत्रकारों से भेदभाव पर चुप्पी से नारी शक्ति पर प्रधानमंत्री के खोखले नारे उजागर हुएः राहुल गांधी

**नई दिल्ली, 11 अक्टूबर।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी के संवादाता सम्मेलन में महिला पत्रकारों को शामिल होने की अनुमति नहीं दिए जाने से नारी शक्ति पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नारों का खोखलापन बेनकाब हुआ है।

गांधी ने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री ने साबित कर दिया कि वह इतने कमजोर है कि महिलाओं के लिए खड़े नहीं हो सकते। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री इन दिनों भारत के दौरे पर हैं। उन्होंने शुक्रवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ विपक्षीय वार्ता की थी। बाद में उन्होंने अलग से एक संवाददाता सम्मेलन को भी संबोधित किया था, जिसमें महिला पत्रकारों को शामिल होने की अनुमति कथित तौर पर नहीं थी।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, मोदी जी, जब आप महिला पत्रकारों को एक सार्वजनिक मंच से बाहर किए जाने की अनुमति देते हैं, तो आप भारत की हर महिला को बता रहे हैं कि आप इतने कमजोर हैं कि उनके लिए खड़े नहीं हो सकते। उन्होंने कहा, हमारे देश में महिलाओं को हर क्षेत्र में समान भागीदारी का अधिकार है। ऐसे भेदभाव के



सामने आपकी चुप्पी नारी शक्ति पर आपके नारों के खोखलेपन को उजागर करती है।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने भी एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी, कृपया भारत दौरे पर तालिबान के प्रतिनिधि के संवाददाता सम्मेलन से महिला पत्रकारों को दूर रखे जाने पर अपना रुख स्पष्ट करें।

उन्होंने कहा, यदि महिलाओं के अधिकारों के बारे में आपकी मान्यता सिर्फ एक चुनाव से दूसरे चुनाव में सुविधाजनक दिखावा नहीं है, तो हमारे देश में भारत की कुछ सबसे सक्षम महिलाओं के अपमान की अनुमति कैसे दी गई है, एक ऐसा देश जिसकी महिलाएं इसकी रीढ़ हैं और इसका गौरव हैं।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि (तालि)बैन में महिला पत्रकारों पर प्रतिबंध लगाया गया और यह चौंकाने वाला और अस्वीकार्य है कि भारत सरकार इस पर सहमत हुई। उन्होंने कहा कि यह सब अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस की पूर्व संध्या पर दिल्ली में किया गया।

## हुक्मरानों का पूर्वाग्रह बड़े अधिकारी को भी सामाजिक न्याय की कसौटी से वंचित रखता है : सोनिया

**नई दिल्ली, 11 अक्टूबर।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने कथित तौर पर आत्महत्या करने वाले आईपीएस अधिकारी वाई. पूरण कुमार की पत्नी को शोक संदेश भेजकर दुख जताया और कहा कि आज भी हुक्मरानों का पूर्वाग्रह से ग्रस्त पक्षपातपूर्ण रवैया बड़े से बड़े अधिकारी को भी सामाजिक न्याय की कसौटी से वंचित रखता है।

भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी पूरण कुमार ने बीते मंगलवार को चंडीगढ़ स्थित अपने आवास पर कथित तौर पर खुद को गोली मार ली थी और उन्होंने एक सुसाइड नोट छोड़ा था।



गांधी ने कुमार की पत्नी अमनीत पी. कुमार को 10 अक्टूबर को भेजे पत्र में लिखा, आपके पति व वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी श्री वाई. पूरण कुमार के देहांत की खबर स्तब्ध करने वाली भी है और मन को व्यथित करने वाली भी। अपार मुश्किल की इस घड़ी में मेरी ओर से आपके अलावा पूरे परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं। उन्होंने कहा कि कुमार का देहावसान यह याद दिलाता रहेगा कि आज भी हुक्मरानों का पूर्वाग्रह से ग्रस्त पक्षपातपूर्ण रवैया बड़े से बड़े अधिकारी को भी सामाजिक न्याय की कसौटी से वंचित रखता है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने कहा, न्याय की इस डगर पर मैं और करोड़ों देशवासी आपके साथ खड़े हैं। उन्होंने यह भी कहा, मैं कामना करती हूं कि इस कठिन परिस्थिति में ईश्वर आपको धैर्य, साहस और संबल प्रदान करें।

## उत्तराखंड में सतत विकास के लिए सरकार प्रतिबद्धः पुष्कर सिंह धामी

**उत्तराखंड, 11 अक्टूबर।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सतत विकास के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए शुक्रवार को कहा कि अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी के बीच संतुलन सुनिश्चित करने के लिए राज्य में नौ सूत्री नीति शुरू की गयी है। यहां दून विश्वविद्यालय में शुरू हुए इंडियन एसोसियेशन आफ सोशल साइंस इन्सटीटयूशन्स (आईएएसएसआई) के 24वें वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर धामी ने कहा कि सरकार राज्य में आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय स्थिरता बनाए रखते हुए सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प के साथ काम कर रही है।



उन्होंने कहा, सरकार ने अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी के बीच संतुलन सुनिश्चित करने के लिए नौ सूत्री नीति शुरू की है जो सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में देश भर से 400 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं जो विशेष रूप से हिमालयी क्षेत्रों के संदर्भ में सतत विकास, जलवायु लचीलापन और आजीविका सुरक्षा जैसे मुददों पर विचार-विमर्श करेंगे। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने सामाजिक न्याय, गरीबी उन्मूलन और समावेशी विकास पर सरकार के निरंतर प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से उत्तराखंड जैसे संवेदनशील पारिस्थितिक क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति और जलवायु परिवर्तन के व्यापक प्रभावों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए कृत्रिम बौद्धिकता जैसी उभरती हुई तकनीकों को अपनाने के लिए राज्य की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। बारह अक्टूबर को सम्मेलन का समापन होगा जिसकी अध्यक्षता उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह करेंगे। इस मौके पर उनका संबोधन भी होगा।

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया 49वें इंडिया कारपेट एक्सपो का शुभारंभ

- हुनर से भरा यूपी, दुनिया को दिखा रहा ओडीओपी : योगी आदित्यनाथ
- भदोही की बुनाई में बुना आत्मनिर्भर भारत का स्वप्न

**सुरेश गांधी**

**भदोही।** कालीनों की धरती, भदोही वह नगरी जहां हर धागे में परिश्रम, परंपरा और प्रतिष्ठा का संगम है। यह नगरी एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय सुर्खियों में है। विश्व स्तर पर भारतीय हैंडमेड कालीन की पहचान को सशक्त बनाने वाले 49वें इंडिया कारपेट एक्सपो/चौथे अंतरराष्ट्रीय कालीन मेले का शुभारंभ शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिव्यता और भव्यता के साथ फीता काटकर किया। चार



दिवसीय यह आयोजन कारपेट एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (सीईपीसी) के तत्वावधान में इंडिया एक्सपो मार्ट परिसर में शुरू हुआ है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बुनकरों और उद्यमियों से संवाद किया, उनकी समस्याएं जानीं और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के लाभ से उन्हें अवगत कराया।

थीम पवेलियन का उद्घाटन करने के बाद मुख्यमंत्री ने न केवल प्रदेश के हुनरमंद बुनकरों की सराहना की, बल्कि यह भी कहा, उत्तर प्रदेश के परंपरागत शिल्पकार हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं। 96 लाख एमएसएमई इकाइयां आज प्रदेश की अर्थव्यवस्था का आधार हैं, और ओडीओपी ने इन्हें वैश्विक पहचान दी है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भदोही, मिजार्पुर और वाराणसी देश के प्रमुख कारपेट क्लस्टर हैं, जिन्होंने न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश को वैश्विक पहचान दिलाई है। यह उद्योग लाखों परिवारों की आजीविका का आधार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे प्रोत्साहित करने के लिए इंडिया एक्सपो मार्ट की स्थापना कराई। इसका उद्देश्य था कि यहां के बुनकरों को विश्व बाजार से सीधा जोड़ने का अवसर मिले.ह्व

उन्होंने बताया कि पिछले चार वर्षों से लगातार आयोजित हो रहे इस आयोजन ने हैंडमेड कालीनों के वैश्विक व्यापार में उत्तर प्रदेश को नई पहचान दिलाई है। अब विदेशी खरीदार सीधे भदोही आते हैं, यहीं के बुनकरों से संवाद करते हैं और यहीं से निर्यात के अनुबंध संपन्न होते हैं, यह भदोही के गौरव की बात है. मेले में उपस्थित बुनकरों और निर्यातकों ने भी अमेरिकी टैरिफ जैसी चुनौतियों पर चर्चा की, जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार दोनों मिलकर आर्थिक पैकेज व जीएसटी सुधारों के माध्यम से निर्यातकों को राहत प्रदान कर रही हैं। उन्होंने कहा, कठिनाई ही वह कक्षा है, जहाँ से नवाचार और नई राहें निकलती हैं।

खास यह है कि यह केवल एक व्यापारिक आयोजन नहीं था, बल्कि यह उत्सव था हुनर, आशा और आत्मनिर्भरता का। विदेशी बायर्स, महिला उद्यमी, युवा कारीगर और स्थानीय बुनकर कृ सब एक सूत्र में बंधे थे।

## रिलायंस पावर सीएफओ अशोक पाल गिरफ्तार, 68 करोड़ की फर्जी बैंक गारंटी में ईडी का शिकंजा

**नई दिल्ली, 11 अक्टूबर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कारोबारी अनिल अंबानी के रिलायंस समूह के एक वरिष्ठ अधिकारी को धन शोधन निरोधक कानून के तहत गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, रिलायंस पावर के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) अशोक पाल को शुक्रवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया। ईडी करोड़ों रुपये के कई बैंक धोखाधड़ी मामलों में अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस समूह से जुड़ी कंपनियों की जांच कर रहा है।



आरपीएल एक सूचीबद्ध कंपनी है जिसके 75% से अधिक शेयर जनता के पास हैं। ईडी ने कहा कि उन्होंने एक सार्वजनिक सूचीबद्ध कंपनी से धन के हेर-फेर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बोर्ड के प्रस्ताव ने उन्हें (और अन्य लोगों को) एसईसीआई के बीईएसएस निविदा के सभी दस्तावेजों को अंतिम रूप देने, अनुमोदित करने, हस्ताक्षर करने और निष्पादित करने, और बोली के लिए आरपीएल की वित्तीय क्षमता का उपयोग करने का अधिकार दिया। उन्होंने इस सार्वजनिक उपक्रम को धोखा देने के इरादे से एसईसीआई को 68 करोड़ रुपये से अधिक की फर्जी बैंक गारंटी जमा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने एसईसीआई निविदा में इस्तेमाल की गई जाली बैंक गारंटी योजना की योजना, पर्यवेक्षण, वित्त पोषण और उसे छिपाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने फर्जी बैंक गारंटी प्रदान करने के लिए बिस्वाल ट्रेडलिंक प्राइवेट लिमिटेड को चुनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आर के मीडिया
हिन्दी दैनिक न्यूज पेपर, साप्ताहिक न्यूज पेपर, हिन्दी मासिक पत्रिका का पेज बनबाने के लिए
सम्पर्क करे: 9199355950




### जम्मू-कश्मीर : किश्तवाड़ में भूस्खलन की चपेट में आया वाहन, सात घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में शनिवार को एक वाहन के भूस्खलन की चपेट में आने से कम से कम सात लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि वाहन किश्तवाड़ शहर की ओर जा रहा था, तभी सिगडी-बलाना संपर्क मार्ग पर एक पहाड़ी का हिस्सा टूट गया।

उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद बचाव दल मौके पर पहुंचा और घायलों को किश्तवाड़ जिला अस्पताल पहुंचाया गया।



## स्नेहा दुबे पंडित ने नगर निगम मुख्यालय में की बैठक





**वसई विरार (उत्तरशक्ति)।** वसई विरार नगर निगम मुख्यालय, यशवंत नगर, विरार में वसई विधायक स्नेहा दुबे पंडित वसई विधानसभा के समग्र विकास और नागरिकों की मूलभूत समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आज वसई विरार नगर निगम मुख्यालय, विरार (पश्चिम) में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी वार्ड समितियों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस बैठक में नागरिकों की शिकायतों और मांगों पर गहन चर्चा के दौरान प्रशासन को स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिया गया कि वसई के नागरिकों को मूलभूत सुविधाएँ प्रदान करना नगर निगम की ज़िम्मेदारी है। किसी भी कार्य में अक्षमता, देरी या निष्क्रियता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक विभाग समय पर और पारदर्शी तरीके से कार्य पूरा करे। जल आपूर्ति, स्वच्छता, सड़क, स्वास्थ्य सेवाएँ, प्रकाश व्यवस्था, सीवेज प्रबंधन और नागरिकों की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और ठोस निर्णय लिए गए। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने कहा, ³वसई विरार एक तेजी से बढ़ता हुआ शहर है और नागरिकों की अपेक्षाएँ बहुत अधिक हैं। इसलिए, एक सुनियोजित और जवाबदेह प्रशासन की आवश्यकता है। हमारा सामूहिक लक्ष्य प्रत्येक वार्ड के नागरिकों को सुविधाएँ प्रदान करना होना चाहिए। इस बैठक में मैं, वसई विरार नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त संजय हेरवाडे, अतिरिक्त आयुक्त दीपक सावंत, उपायुक्त अजीत मुठे, उपायुक्त श्रीमती अर्चना दिवे, मुख्य वित्तीय लेखा एवं अभिलेख अधिकारी इंद्रजीत गोरे, नगर अभियंता प्रदीप पाचे, कार्यपालक अभियंता (विद्युत) अमोल जाधव, जल आपूर्ति उप अभियंता सुरेंद्र ठाकरे, कार्यपालक अभियंता कुलकर्णी, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती भक्ति चौधरी, साथ ही वार्ड समिति कके सहायक आयुक्त शशिकांत पाटिल, वार्ड समिति की सहायक आयुक्त श्रीमती उपस्थित थीं। संगीता घाडीगांवकर, वार्ड समिति ई की सहायक आयुक्त श्रीमती अश्विनी मोरे, वार्ड समिति डी के सहायक आयुक्त जयेंद्र नाइक, वार्ड समिति के सहायक आयुक्त नीलेश म्हात्रे के साथ-साथ भाजपा वसई विरार शहर जिला महासचिव बिजेंद्र कुमार, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष मैथ्यू कोलासो, वसई रोड मंडल अध्यक्ष महेश सरवणकर, वसई पश्चिम मंडल अध्यक्ष आशीष जोशी, वसई पूर्व दक्षिण मंडल अध्यक्ष उदय शेट्टी, मयूर नाइक, मयंक शेठ, देवदत्त मेहर, दीपक शर्मा, विवेक भोसकर, किरण पवार, धरेंद्र कुलकर्णी, चंद्रकांत वाझे, सुधीर मेहर, सागर सावंत, जितेंद्र शिंदे सहित मनपा के विभिन्न ओविभागों के अधिकारी और भाजपा पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। यह बैठक नागरिकों और प्रशासन के बीच संवाद को मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक और ठोस कदम साबित हुई है। इस बैठक में वसई विधानसभा के समग्र विकास के लिए एक नए दृष्टिकोण के साथ काम करना जारी रखने का निर्णय लिया गया।

## पालघर में दिव्यांगों के प्रति संवेदनशीलता जागरूकता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**पालघर (उत्तरशक्ति)।** राज्य शासन एवं केंद्र शासन के सभी विभागों के वर्ग 1 एवं वर्ग 2 अधिकारियों के लिए दिव्यांगों के प्रति संवेदनशीलता जागरूकता विषय पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। शासन के निदेर्शानुसार यह कार्यशाला 16 अक्टूबर 2025 को पालघर में आयोजित की जायेगी।

यह कार्यशाला लोकशाहीर आत्माराम पाटील सभागृह, जिला अधिकारी कार्यालय के नियोजन सभागृह, पालघर में सुबह 9:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक आयोजित की जायेगी। इस कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी डॉ. इंदुराणी जाखड़ (भा. प्र. से.) के मार्गदर्शन में किया जायेगा। कार्यशाला में जिले के सभी शासकीय कार्यालयों के वर्ग 1 और वर्ग 2 अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस कार्यशाला का उद्देश्य अधिकारियों में दिव्यांगजनों के प्रति अधिक संवेदनशीलता, समझ और जिम्मेदारी का भाव विकसित करना है। यह जानकारी दिव्यांग सशक्तीकरण अधिकारी डॉ. प्रकाश हसनालकर ने दी। इस संबंध में आदेश मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानडे (भा. प्र. से.) द्वारा जारी किये गये हैं, साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को कार्यशाला में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गये हैं।

## मानस परिवार सेवा ट्रस्ट की ओर से महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनाई गई



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** मानस परिवार सेवा ट्रस्ट द्वारा महर्षि वाल्मीकि जयंती पर चेम्बूर श्री नागेश्वर महादेव मंदिर में भव्य आयोजन किया गया। विदित हो कि7 अक्टूबर को इस बार पूरे मुंबई महानगर में महर्षि वाल्मीकि जी के जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया गया उसी कड़ी में मानस परिवार सेवा ट्रस्ट द्वारा,महर्षि वाल्मीकि जी को सैकड़ो लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर पूजन किया, सुंदरकाण्ड, महाप्रसाद के बाद बालक माधव पाण्डेय ने अपनी ओजस्वी वाणी से गोस्वामी तुलसीदास और महर्षि वाल्मीकि जी के विषय मे जोरदार व्याख्यान प्रस्तुत किये, मानस परिवार सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोदकुमार पाण्डेय के साथ , कोषाध्यक्ष रविन्द्र प्रसाद पाण्डेय, जयप्रकाश प्रजापति, मुंबई अध्यक्ष सूर्यकुमार तिवारी ,संस्थापक सदस्य सुरेंद्र तिवारी, अमरनाथ शर्मा, मुंबई टीम के पवन कुमार प्रजापति, सुभम मिश्रा योगेश पाठक, सुनिल तिवारी,दीपक तिवारी,सर्वेश मिश्रा, राजकुमार मिश्रा, ओमशिव शक्ति फाउंडेशन से चंदन सिंह, दिनेश पाण्डेय,विमल मिश्रा, अजय तिवारी, उत्तर प्रदेश पर्यावरण विभाग के अध्यक्ष अवधेश कुमार तिवारी, अवधेन्द्र त्रिपाठी, प्रदीप मिश्रा, उ अ पंकज पाण्डेय, मृत्युंजय सिंह ठाकुर गायक कलाकार, भूपेंद्र मिश्रा, विनय तिवारी,दिलीप मिश्रा,विजय मिश्रा ,संदीप मिश्रा, संजय चौबे के साथ सैकड़ों कार्यकताओं ने उत्साह के साथ जन्मोत्सव मनाया।

## रामलीला पीढ़ियों को जोड़ने वाला एक सांस्कृतिक सेतु : पंडित लल्लन तिवारी



**भायंदर (उत्तरशक्ति)।** रामलीला बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और धार्मिक मूल्यों के साथ ही भारतीय संस्कृति, परंपराओं और नैतिक शिक्षा को भी दशार्ता है। यह पीढ़ियों को जोड़ने वाला एक सांस्कृतिक सेतु है। भायंदर पूर्व के राहुल स्पोर्ट्स ग्राउंड में आयोजित रामलीला का उद्घाटन करते हुए देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान राहुल एजुकेशन के चेयरमैन तथा वरिष्ठ समाजसेवी पंडित लल्लन तिवारी ने उपरोक्त बातें कही। वर्ष 2008 में उन्होंने ही सनातन धर्म के प्रचार और प्रसार की दिशा में रामलीला समिति की स्थापना की थी। इस अवसर पर रामलीला समिति के सभी पदाधिकारी और कलाकार उपस्थित रहे। राहुल स्पोर्ट्स ग्राउंड में 10 हजार लोगों के बैठने की सुंदर व्यवस्था की गई है। मीरा भायंदर के अलावा मुंबई, ठाणे , पालघर से भी बड़ी संख्या में लोग यहां रामलीला देखने आते हैं। राजनीति,समाज सेवा, फिल्म जगत तथा ब्यूरोक्रेसी से जुड़े विशिष्ट लोग यहां की रामलीला में शामिल होते रहे हैं। कार्यक्रम का आयोजन 10 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक किया गया है।

## समाजसेवी संजय सिंह व विजयभान सिंह का संयुक्त जन्मदिन मनाया गया



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** शनिवार को सिटी लॉजिक कार्यालय, नियर बालाजी हॉल मुंबई में अखंड क्षत्रिय समाज संस्था के सक्रिय सदस्य संजय सिंह व विजयभान सिंह ( राजा बाबू )का जन्मदिन संयुक्त रूप से बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दोनों वरिष्ठ समाजसेवियों का जीवन सादगी, शुचिता, मृदुभाषिता और सामाजिक समर्पण का अनुपम उदाहरण है। इनके व्यक्तित्व से समाज को निरंतर प्रेरणा एवं मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा है। इस अवसर पर संस्था के अनेक गणमान्य सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें से नरेंद्र सिंह (अध्यक्ष), समर बहादुर सिंह कुंवर, संजय सिंह, सतीश सिंह, प्रभात सिंह (बबलू), अवनीश सिंह, रामदुलार सिंह, कृष्ण सिंह, शिव शंकर सिंह, विशाल सिंह, सनी सिंह , अमित सिंह एवं मानसिंह प्रमुख रूप से सम्मिलित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यों ने दोनों जन्मदिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं और उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुदीर्घ आयु एवं निरंतर सामाजिक सेवा की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं।

## राष्ट्रीय मजदूर मिल संघ सेक्रेटरी शिवाजी काळे से हुई विशेष मुलाकात



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** मुंबई के परेल स्थित राष्ट्रीय मजदूर मिल संघ कार्यालय में संघ के सेक्रेटरी शिवाजी काळे से एक विशेष मुलाकात संपन्न हुई। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक एवं राजनैतिक मुद्दों पर चर्चा की गई, विशेष रूप से आगामी नगरपालिका चुनाव को लेकर विचार-विमर्श हुआ। इस महत्वपूर्ण संवाद में समाजसेवा क्षेत्र से जुड़े कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। उपस्थित प्रमुख लोगों में परिवर्तन संघटना, भामला फाउंडेशन महाराष्ट्र, और मुंबई से सामाजिक कार्यकर्ता सुखबिंदर सिंह (लाला भाई), श्रद्धा गोरगे ज्योतिष सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्तित्व शामिल रहे। बैठक के दौरान सामाजिक न्याय, श्रमिक हित, और युवाओं की भूमिका जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की गई। शिवाजी काळे ने अपने अनुभवों और विचारों को साझा करते हुए भविष्य की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। यह मुलाकात समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में एक और कदम साबित हुई, जिसमें विभिन्न संगठनों की भागीदारी ने समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को स्पष्ट किया।

## श्री स्वामी समर्थ पादुका पूजन एवं दर्शन समारोह का आयोजन किया



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** घाटकोपर विद्याविहार क्षेत्र में सामाजिक कार्यों में सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता श्री स्वामी भक्त धर्मेश भूपत गिरि के कार्यालय में वक्रतुंड औरंगाबादकर की मार्गदर्शन में श्री स्वामी समर्थ पादुका का पूजन एवं दर्शन समारोह आयोजित किया गया। श्री स्वामी समर्थ महाराज द्वारा स्थापित दिव्य गुरुपरंपरा वैश्वानर अवतार परमसदगुरु श्री गजानन महाराज की चिन्मय पादुका का पूजन एवं दर्शन समारोह शुक्रवार, 10 ओक्टोबर 2025 को शाम 4:30 बजे से सी-2, स्काईलाइन वेलस्पेस, गिरिराज ग्रुप, विद्याविहार वेस्ट प्रीमियर रोड पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री स्वामी समर्थ परमसदगुरु के पूजन एवं दर्शन समारोह में श्री स्वामी भक्त, गिरि परिवार, मित्रगण, पुलिस अधिकारी आदि सहित सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री स्वामी समर्थ की मूर्ति एवं पादुकाओं की विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा, होम-हवन, आरती की गई एवं प्रसाद वितरण किया गया। अंत में, धर्मेश और भावेश भूपत गिरि ने श्री स्वामी समर्थ की पादुकाओं की प्रदक्षिणा की।

## डीसीपी कार्यालय के बाहर कांग्रेस का आंदोलन

### भाजपाइयों पर दर्ज हो अक्ट्रोसिटी का मामला



**चेतन निर्मल संवाददाता**

**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल की मौजूदगी में कल्याण में कांग्रेस कार्यकताओं ने ठिया आंदोलन किया। बतादें कि भारत के मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई पर हुए हमले की कल्याण-डोंबिवली कांग्रेस पार्टी की ओर से तीव्र शब्दों में निंदा की गई।

साथ ही मोहनेझआंबिवली क्षेत्र में स्थित अदाणी समूह के अंबुजा सीमेंट प्रकल्प से स्थानीय नागरिकों के जीवनस्तर और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, इसके लिए इस परियोजना पर तत्काल स्थगन देने की मांग कांग्रेस पार्टी की ओर से की गई।

इसके अतिरिक्त, कल्याण-डोंबिवली के वरिष्ठ नागरिक और कांग्रेसी नेता मामा पगारे का भाजपा पदाधिकारियों द्वारा साड़ी पहनाकर किया गया अपमान केवल उनका नहीं, बल्कि संपूर्ण पिछड़ा वर्ग समाज का अपमान है। इस घटना में शामिल संबंधित भाजपा पदाधिकारियों पर अत्याचार ट्रॉसिटी कानून के अंतर्गत मामला दर्ज किया जाए, ऐसी कांग्रेस पार्टी की ठोस मांग है।

इन सभी मांगों को लेकर आज कल्याण पश्चिम में कांग्रेस पार्टी की ओर से ठिया आंदोलन किया गया। आंदोलन के दरम्यान प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन ने मामा पगारे को पीने लेवल में उठाकर उनका स्वागत किया । इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष सचिन पोटे, प्रदेश सचिव नवीन सिंह, जिला कार्याध्यक्ष राजाभाऊ पातकर, कांग्रेस नेता ब्रिज दत्त, महिला जिलाध्यक्ष कांचन कुलकर्णी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## युवा समाजसेवी डॉ. सचिन सिंह का सम्मान समारोह



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** युवा समाजसेवी डॉ. सचिन सिंह अध्यक्ष युवा ब्रिगेड असोसिएशन के जन्मदिवस पर सम्मान समारोह कादम्बरी क्लिनिक, भांडुप एवं केशव पाड़ा, मुलुंड प. पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. बाबूलाल सिंह, मुंबई कॉंग्रेस के महासचिव डॉ. आर. आर. सिंह, समाजसेवक बीरेंद्र पाठक, डॉ. आर. एम. पाल, राजेंद्र श्रीवास्तव, योगेंद्र श्रीवास्तव फिल्म निमार्ता, कांग्रेस नेता राजेंद्र उठवाल, रइस खान, भगवान किशोर तिवारी, शानू शेख, एड.शरीफ खान, रमेश कांबले, मैथ्यु चेरियन, विपुल गोगरी, मोहित सिंह, राजेश सिंह, सुरेंद्र मिश्रा, मनीष सोनेजी,अविनाश पाठक, ओमकार सिंह, राकेश मिश्रा, नितेश सिंह, महानन्द सिंह, अनिल सिंह, मनोज सिंह, पत्रकार सुशील कुमार पाण्डेय, संतोष जैसवार ने शाल, पुष्पगुच्छ, भेंट वस्तु प्रदान कर डॉ. सचिन को उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनायें प्रदान किया। कादम्बरी क्लिनिक भांडुप पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मंगला शुक्ला, अजय पटेल, सुधाकर मिश्रा, सुनील यादव, अनिल पाण्डेय, राजेंद्र मिश्रा, विकी शर्मा, राजेश मिश्रा, भीमराव वाकोड़े, सुमीत वाकोड़े, जनार्दन, ओमकार एवं भांडुप के चिकित्सक डॉ. गणेश जायसवाल, डॉ. रमेश गुप्ता, डॉ. सुनील मिश्रा, डॉ. जंगबहादुर, डॉ. गिरी, डॉ. संजय शुक्ला, डॉ. जुवेकर, डॉ. शमीर्ला जैन, डॉ. सुधीर मेनन, डॉ. अनिल चांडक, डॉ. अशोक नरोड़ा, डॉ अनिल यादव, डॉ. जीतेन्द्र पवार, डॉ. योगेश नावडकर ने शाल, पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनायें दिया।

## महेश गायकवाड़ के जन्मदिन के उपलक्ष्य में किया गया शिविर



**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** महेश गायकवाड़ के जन्मदिन के अवसर पर कल्याण पूर्व के कैलास नगर स्थित रितेश राजपूत और रोहित राजपूत के शिवसेना कार्यालय में आधार कार्ड शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में परिसर के लोगों ने अपने आधार कार्ड अपडेट कराए। अपडेट कराने वालों को महेश गायकवाड़ ने रिसिप्ट अपने हांथो से प्रदान किये। महेश गायकवाड़ ने इस आधार कार्ड शिविर का दौरा किया और लोगों से बातचीत की। परिसर के लोगों ने आधार कार्ड शिविर में पहुंचकर अपने जरूरत के हिसाब से आधार कार्ड अपडेट कराए। इस शिविर के आयोजन से लोगों को अपने आधार कार्ड संबंधी कार्यों को आसानी से पूरा करने में मदद मिली।

बतादे की डॉक्टर सांसद श्रीकांत शिंदे के मार्गदर्शन में नागरिकों की जरूरत के हिसाब से आधार कार्ड एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है जो पहचान और पते के प्रमाण के रूप में कार्य करता है। कल्याण पूर्व के कैलास नगर में आधार कार्ड शिविर के आयोजन से लोगों को अपने आधार कार्ड संबंधी कार्यों को आसानी से पूरा करने में मदद मिली है । इस मौके पर

विशेष सहकार्य अश्विन पांडे, संजय संदुकी, पिंटू दुबे, राज दुबे, तनिष भानुशाली, बिपिन निषाद, शिवम पांडे, सीमा गुप्ता, पल्लवी भगत, संगीता कारवार, सेलवी दीदी, सीमा निषाद सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद थे।

## स्वाभिमान श्री अंतर-विद्यालयीन भाषण प्रतियोगिता संपन्न, विद्यार्थियों का मिला भरपूर प्रतिसाद



**आचार्य सूरजपाल यादव**

**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** स्वाभिमान सेवा संस्था द्वारा अभिजात मराठी भाषा सप्ताह के उपलक्ष्य में गुरुवार (9) को पद्मश्री अन्नासाहेब जाधव विद्यालय के स्व. पुष्पलता जाधव सभागृह में संस्था के संस्थापक संतोष शेट्टी के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर स्वाभिमान श्री अंतर-विद्यालयीन भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन भिवंडी मनपा के अतिरिक्त आयुक्त विठ्ठल डाके ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर संस्थापक संतोष शेट्टी, स्वाभिमान सेवा संस्था के अध्यक्ष हसमुख पटेल, पद्मश्री अन्नासाहेब जाधव विद्यालय के प्राचार्य सुधीर घागस, बीएनएन कालेज के उप-प्राचार्य डी एल अहिरे, मनपा जनसंपर्क अधिकारी श्रीकांत परदेशी, प्रभाग समिति क्रमांक 3 के सहायक आयुक्त सुरेंद्र भोईर, पूर्व शहर अभियंता एलपी गायकवाड़ आदि उपस्थित थे। अतिरिक्त आयुक्त विठ्ठल डाके ने अपने वक्तव्य में कहा कि हजारों वर्षों की परंपरा वाली मराठी भाषा आज पूरी तरह से समृद्ध है सभी को इसे और बढ़ावा देने और इसे दैनिक उपयोग में लाने के लिए प्रयास करने की आवश्यकता है। प्रस्तावना में संतोष शेट्टी ने कहा कि मेरी मातृभाषा मराठी नहीं है लेकिन मेरा कार्यस्थल महाराष्ट्र है, मुझे मराठी बोलने में एक अलग आनंद आता है,भले ही मैं लड़खड़ाता हूँ लेकिन हमारा संस्था मराठी भाषा को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में मिलिंद पलसुले, सुज्योति वल्लाल, शंकर जाधव, रमाकांत विसपुते ने अपनी जिम्मेदारी संभाली। नकद पुरस्कार के दो समूहों में कक्षा 5 से 8 समूह अ, और कक्षा 9 से 12 समूह ब में इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के 38 छात्रों ने भाग लिया। छात्रों ने मराठी भाषा की महिमा, मराठी मेरी मातृभाषा है, मराठी संस्कृति की खुशबू, कुलीन मराठी पर हमारा गौरव, संत साहित्य की परंपरा, मराठी की आत्मा जैसे विषयों पर धाराप्रवाह शैली में अपने भाषण प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता में ग्रुप ए में पद्मश्री अन्नासाहेब जाधव विद्यालय की कुमारी कस्तूरी श्रीनाथ भंडारी प्रथम स्थान पर रहीं, जबकि एनईएस स्कूल के कुमार आराध्य करले और पद्मश्री अन्नासाहेब जाधव विद्यालय की कुमारी मनहा जमीर शेख क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं, जबकि रईस उर्दू हाई स्कूल के छात्र शेख मोहम्मद जकी शाकिर को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। ग्रुप बी में कार्तिकी ज्ञानेश्वर पाटिल (बीएनएन कॉलेज), आकांक्षा विजय संककाल (पद्मश्री अन्नासाहेब जाधव कनिष्ठ महाविद्यालय), प्रतीक्षा गायकवाड़ (बीएनएन कालेज) क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे जबकि अरबाज असीम पिंजारी (दादासाहेब दांडेकर विद्यालय) को संस्थापक संतोष शेट्टी और अध्यक्ष हसमुख पटेल के हाथों नकद पुरस्कार, स्मृति चिन्ह सम्मानपत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति के सदस्य सुधीर घागस, डी एल अहिरे, मानसी राजे, संजय भोईर, अभिजीत म्हसकर आदि का अथक प्रयास रहा है।

## स्नेहा दुबे ने वसई में आत्मनिर्भर भारत संकल्प यात्रा का किया मार्गदर्शन



**वसई (उत्तरशक्ति)।** वसई पश्चिम स्थित विधायक जनसंपर्क कार्यालय में आज भारतीय जनता पार्टी वसई विरार शहर जिला के तत्वावधान में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की एक अहम बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में अभियान की जिला समन्वयक स्नेहा दुबे पंडित ने मंडल समन्वयकों के साथ चर्चा की और उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

स्नेहा दुबे पंडित, जो महाराष्ट्र प्रदेश स्तर पर आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की समन्वयक हैं, विशेष रूप से इस बैठक में उपस्थित रहीं। उन्होंने अभियान के उद्देश्यों, क्रियान्वयन की रणनीति और स्थानीय स्तर पर आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उपायों पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर जिला समन्वयक नारायण मांजरेकर, सह-संयोजक ज्योत्सना मेहर, कल्पेश नाईक सहित विभिन्न मंडलों के आयोजक एवं सह-संयोजक भी उपस्थित थे। बैठक में सभी सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र में अभियान को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## रोशनी के त्योहार का जश्न मनाएं कैलिफोर्निया बादाम की अच्छाई के साथ

**मुंबई/पटना।** जैसे-जैसे दीवाली पूरे देश में घर-घर को रोशनी से जगमगाती है, यह अपने साथ मिलन का आनंद, प्रिय परंपराएँ और स्वादिष्ट व्यंजन लेकर आती है। लेकिन इस खुशियों के मौसम में अक्सर अत्यधिक लजीज मिठाइयाँ, तले हुए पकवान और हाई-कैलोरी स्नैक्स हमारे फिटनेस लक्ष्यों को बिगाड़ सकते हैं। इस दीवाली, हर पल का जश्न मनाएँ लेकिन स्वास्थ्य को त्योहार का केंद्र बनाए रखें। प्रोटीन, फाइबर और हृदय-स्वस्थ वसा से भरपूर बादाम एक ऐसा पौष्टिक विकल्प हैं जो हर दीवाली की थाली में स्वाभाविक रूप से घुल-मिल जाते हैं। इन्हें स्वास्थ्यवर्धक स्नैक, मिठाइयों पर टॉपिंग, या स्वाद और सेहत दोनों से भरपूर उपहार के रूप में पेश किया जा सकता है। ड्राई फ्रूट्स के राजा कहे जाने वाले बादाम में 15 आवश्यक पोषक तत्व पाए जाते हैं – जिनमें प्रोटीन, कैल्शियम, ज़िंक, आहार फाइबर, मैग्नीशियम और विटामिन ए प्रमुख हैं। यह अनेक स्वास्थ्य लाभों के लिए जाने जाते हैं।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय:
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

# शाहगंज पुलिस ने चेकिंग के दौरान बरामद किया 12 कार्टून पटाखा




शाहगंज, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। डा0 कौस्तुभ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आगामी त्यौहार की दृष्टिगत चलाये जा रहे पटाखा अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज अजीत सिंह चौहान के कुशल पर्वेक्षण व मार्गदर्शन में शाहगंज पुलिस टीम द्वारा दिनांक 10.10.2025 को रात्रि में चेकिंग के दौरान भारी मात्रा में पटाखा बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 346/2025 धारा 9ख विस्फोटक अधिनियम 1884 बनाम मो0 सगीर पुत्र अली अहमद निवासी एराकियाना थाना शाहगंज जनपद जौनपुर पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही किया जा रहा है। बरामदगी का विवरण, रोल कैप्स 160 पीस, फूलझरी (इलेक्ट्रिक स्पार्कल्स) 1000 पीस, फूलझरी (इलेक्ट्रिक स्पार्कल्स) 800 पीस, 30 शूट 16 पीस, मोरी गोल्ड (बिजली क्रैकर) 200 पीस, कलर स्पार्कल्स (फूलझरी) 220 पीस, फुलझरी ग्रीन 680 पीस, रोल कैप्स 160 पीस, रोल कैप्स 160 पीस, मोरी गोल्ड (बिजली क्रैकर) 240 पीस, मोरी गोल्ड (बिजली क्रैकर) 240 पीस, फुलझरी इलेक्ट्रिक 720 पीस कुल कीमती करीब 150000 (एक लाख पचास हजार रुपया।

# पं.छन्नूलाल मिश्र के निधन के बाद दो गुट में बंटा परिवार

## बेटा-बेटी अलग-अलग करेंगे 13वीं का संस्कार

वाराणसी (उत्तरशक्ति)। शास्त्री गायक पद्मविभूषण पंडित छन्नूलाल मिश्र के निधन के बाद उनके परिवार में एक बार फिर से विवाद सामने आया है। बहन और भाइयों के बीच विवाद देखने को मिल रहा है। पंडित जी के बेटे रामकुमार और छोटी बेटी नम्रता अलग-अलग जगह एक ही दिन तेरहवीं का आयोजन करने जा रहे हैं। रामकुमार ने जो कार्ड छपवाया है, उसमें दुगार्कुंड स्थित हनुमान प्रसाद पोद्दार महाविद्यालय में 14 अक्टूबर को 13वीं का आयोजन करने की बात लिखी है जबकि नम्रता मिश्रा ने अस्सी घाट पर इसी तारीख को तेरहवीं का कार्ड छपवाया है।

**पिताजी के विरुद्ध भैया ने किया क्रिया-कर्मः** छन्नूलाल मिश्र के अंतिम संस्कार के तीन दिन बाद ही क्रिया कर्म पूर्ण किए जाने से बेटी नम्रता अपने भाई रामकुमार से बेहद नाराज हैं। नम्रता का कहना है कि 'पिताजी सनातन के हिसाब से अपना पूरा जीवन जीते थे ये अंतिम समय में उनकी यही इच्छा थी कि वह सनातनी परंपरा के अनुसार ही ईश्वर में विलीन हों, उनके मरणोपरांत समस्त अनुष्ठान पूर्ण होना चाहिए था। इसके बावजूद रामकुमार भैया ने पिताजी के अंतिम संस्कार को खुद न करके अपने बेटे राहुल से करवाया और श्रीरात्रि यानी तीन दिन के अंदर ही सारे क्रिया कर्म को पूर्ण कर दिया। जबकि पिताजी कभी ऐसा चाहते ही नहीं थे, यह बेहद कष्टदायक है।

सनातनी परंपरा कर रहे ब्रह्मभोज नम्रता ने कहा कि 'पिताजी हमेशा चाहते थे कि उनका कार्य पूरे विधि विधान



और संस्कारों के साथ हो, हम पांच भाई-बहन थे। बड़ी बहन का निधन होने के बाद अब हम चार बच्चे हैं। नियम यही कहता है कि जब किसी के पास कोई परेशानी हो, संतान न हो तो मौत के तीन दिन के अंदर समस्त अनुष्ठान करवा सकता है जबकि पिताजी की मृत्यु के बाद अभी उनके चार संताने हैं। हमारा यह कर्तव्य बनता है कि कम से कम 13 पंडितों को बुलाकर उन्हें भोजन करवाया जाए, ताकि पिताजी की आत्मा को शांति मिले। सनातनी परंपरा के अनुसार ही 14 अक्टूबर को बनारस में पंडित जी के आवास पर विधि विधान पूर्वक ब्रह्म भोज का आयोजन करेंगे। अपने बहन और भाइयों को भी आमंत्रित करते हैं, सभी लोग आए और पिताजी की आत्मा को शांति मिले।

**भैया के पास अब पैसे कहां से आएः** नम्रता का कहना है कि पिताजी के अंतिम संस्कार में 25 हजार रुपये खर्च होने की बात भाई ने कही, जो कई जगहों पर चर्चा का विषय बन गई। जब वहां खर्चा मांगा गया तो कहा कि जिसने व्यवस्था कराई है वही देगा और भुगतान भी नहीं हुआ। अगर भैया के पास इतने रुपए भी नहीं है तो लाखों रुपए खर्च करके वह ब्रह्म भोज कैसे करवाएंगे। उनको तो इस बात पर शर्म आनी चाहिए।

पिताजी की इच्छा के अनुसार त्रिरात्रि अनुष्ठान किया। वहीं, पंडित रामकुमार मिश्र का कहना है कि पिताजी जब बीमार थे तब हमारे पुत्र राहुल उनकी सेवा करते थे। तभी पिताजी ने कहा था कि मृत्यु के बाद हमारे सब को काज तुम लगाना और मेरी क्रिया तीन दिन में ही खत्म कर देना, 10 दिन तक हमारी आत्मा भटकनी नहीं चाहिए। पिताजी के कहने पर पुत्र से मुखाग्नि दिलवाई और त्रिरात्रि अनुष्ठान भी संपन्न करवाया। जिस दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनके घर पहुंचे थे, उसकी सूचना उनको नहीं गई थी। किसी और से मिलवाकर झूठे रिश्तेदारों को पेश किया गया था।

# दो वाहनों की टक्कर में एक युवक की मौत, हादसे के बाद दूसरा चालक फरार

◆ **घटना का सीसीटीवी वीडियो हुआ वायरल**

रेणुकूट,सोनभद्र (उत्तरशक्ति)। मुर्धवा को सोन जोड़ने वाली पुलिया के समीप वी-मार्ट के सामने दो बाइकों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। घायल बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान हुई मौत। घटना से परिजनों में मचा कोहराम।

पिपरी थाना क्षेत्र के मुर्धवा में शुक्रवार की शाम हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक चला रहा युवक हादसे के बाद भीड़ का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी हुई है।

घटना का सीसीटीवी वीडियो भी वायरल हो रहा है। हादसे की बाबत पिपरी थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि रेणुकूट और मुर्धवा को जोड़ने वाली पुलिया के समीप वी-मार्ट के सामने दो बाइकों के बीच जोरदार टक्कर



हो गई। अपनी बाइक से रेणुकूट से मुर्धवा की ओर जा रहे पिपरी निवासी कमलेश कुमार पुत्र नागेंद्र गंभीर रुप से घायल हो गये। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायल को हिंडाल्को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल की गंभीर स्थित को देखते हुए वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। लेकिन परिजन घायल को रेफर ले जा रहे थे कि अस्पताल से बाहर निकलते ही घायल व्यक्ति की मौत हो गई। दुःखद घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। पिपरी पुलिस फरार बाइक चालक की पहचान करने के प्रयास जुट गई हैं।

# मिशन शक्ति 5.0: छात्रा सारा चौधरी ने तहसीलदार बनकर संभाली कमान, नगर को दिलाई राहत

◆ **अधिशाषी अधिकारी को दिया निर्देश**

शाहगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। मिशन शक्ति 5.0 के तहत शनिवार



को शिवब्रत स्कूल की इंटरमीडिएट की मेधावी छात्रा 15 वर्षीय सारा चौधरी पुत्री राकेश चौधरी निवासी सुरिस को एक दिन के लिए तहसीलदार बनाया गया।

सुबह तहसीलदार आशीष सिंह, कानूनगो संजय सिंह और लेखपाल ऋतुराज चौधरी, भावेश एडवोकेट ने उनका स्वागत किया।

सारा ने तहसीलदार की कुर्सी संभालकर फरियादियों की समस्याएँ सुनीं। जिसमे जमीन सम्बन्धी मामलों को संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उनकी समझदारी और तत्परता देखकर सभी प्रभावित हुए।

नगर में बढ़ते बंदरों के आतंक की शिकायत पर सारा ने तत्काल नगर पालिका अधिकारी को फोन कर बंदरों को पकड़वाने और सुरक्षित स्थान पर छोड़े जाने के आदेश दिए। इस त्वरित निर्णय पर तहसील परिसर तालियों से गूंज उठा।

सारा ने कहा कि अफसर बनने का मतलब जनता की समस्याएँ सुनकर उनका समाधान करना है। तहसीलदार आशीष सिंह ने कहा कि यह पहल छात्राओं के आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने वाली है। दिनभर के अनुभव के बाद सारा ने साबित किया कि बेटियाँ अवसर मिलने पर हर जिम्मेदारी बखूबी निभा सकती हैं।

# सर्प के काटने से महिला की हुई मौत



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। घर में रखे ड्रम में गेहूं निकालते समय महिला को विषधर ने डंस लिया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के गुलौली गांव निवासी सुचिता देवी 38 वर्ष पत्नी श्रीकांत गौतम शुक्रवार सुबह लगभग 10 बजे घर के अंदर रखे हुए ड्रम से गेहूं निकाल रही थी। इसी दौरान ड्रम के बगल में बैठे सर्प ने उसे काट लिया। इसके चलते घबराहट से वह अचेत हो गई। परिजन उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछली शहर ले गए लेकिन हालत में सुधार न होने के कारण चिकित्सक ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। यहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने देख कर उसे मृत घोषित कर दिया। जैसे यह खबर पर पूरे परिवार को हुई मानो एक कोहराम मच गया।

# जौनपुर में साइबर थाना के निर्माण के लिए राज्यमंत्री ने डीएम व एसपी की उपस्थिति में किया भूमि पूजन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जनपद जौनपुर में साइबर थाना के निर्माण हेतु गिरीश चन्द्र यादव, राज्यमंत्री



खेल एवं युवा कल्याण विभाग, द्वारा जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक जौनपुर कि उपस्थिति में किया गया भूमि पूजन-आज दिनांक 11.10.2025 को जनपद जौनपुर में साइबर थाना के निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे गिरीश चन्द्र यादव, राज्यमंत्री (खेल एवं युवा कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार) द्वारा विधिवत भूमि पूजन कर साइबर थाना निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया गया। राज्यमंत्री द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि प्रदेश सरकार द्वारा साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं त्वरित कार्रवाई हेतु प्रत्येक जनपद में आधुनिक तकनीकी सुविधाओं से सुसज्जित साइबर थाना स्थापित किया जा रहा है। इससे साइबर अपराधों की रोकथाम एवं पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिलने में सहूलियत होगी। कार्यक्रम के उपरान्त पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा बताया गया कि साइबर थाना के निर्माण से जनपद में बढ़ते ऑनलाइन धोखाधड़ी, बैंकिंग फ्रॉड, सोशल मीडिया अपराध आदि पर प्रभावी निगरानी रखी जा सकेगी तथा विशेषज्ञ तकनीकी टीमों द्वारा त्वरित जांच सुनिश्चित की जाएगी। यह साइबर थाना अत्याधुनिक संसाधनों एवं प्रशिक्षित कर्मियों से सुसज्जित होगा, जो तकनीक आधारित अपराधों से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, नगर के गणमान्य नागरिक, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर चालक से सपा नेता की गुंडई

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जौनपुर जिले जब समाजवादी पार्टी के मल्हनी विधानसभा अध्यक्ष निजामुद्दीन अंसारी ने अपने बेटे व एक अन्य सहयोगी के साथ मिलकर एक दलित ट्रैक्टर चालक की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही हड़कंप मच गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना जफराबाद थाना क्षेत्र के कजगांव नगर पंचायत की पानी टंकी के पास शुक्रवार शाम की है। तहरपुर परियावा गांव की दलित बस्ती निवासी प्रमोद कुमार पुत्र श्रीपत अपने ट्रैक्टर के साथ वहां पहुंचा था और एक दुकान के सामने वाहन खड़ा किया था। इसी बात को लेकर दुकानदार से कहासुनी हुई।

आरोप है कि इसी दौरान सपा के मल्हनी विधानसभा अध्यक्ष निजामुद्दीन अंसारी, उनके पुत्र नवी अहमद और सेजर आलम पुत्र हाफिज मौके पर पहुंचे और प्रमोद को गालियां देते हुए लाठी-डंडों से पीटने लगे। प्रमोद के ट्रैक्टर पर बैठने के दौरान भी हमला जारी रहा।

पीड़ित प्रमोद कुमार की तहरीर पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ मारपीट की धाराओं और अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम की धारा 3(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीओ सिटी गोल्डी गुप्ता ने बताया कि ट्रैक्टर हटाने को लेकर विवाद हुआ था। आरोपियों से हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, आगे की कार्रवाई प्रचलित है।

# जौनपुर में ट्रेन से टकराकर युवक की मौत

घर का एकलौता चिराग बुझने से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल

केराकत,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। क्षेत्र के धरौरा गांव निवासी किशन यादव पुत्र राजेंद्र यादव 18 वर्ष का गाजीपुर जनपद के नोनहरा थाना क्षेत्र के खालिसपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास गुरुवार को तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में परिजन शव लेने शुक्रवार की रात गाजीपुर पहुंचे।

विदित हो कि किशन यादव परिजनों से बिना बताए गुरुवार की दोपहर घर से कही चला गया देर शाम घर नहीं पहुंचने पर आस-पास तलाशी की गई मगर कही कोई पता नहीं चल सका। तत्पश्चात अमन यादव कोतवाली पहुंच तहरीर देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगाई। शुक्रवार को जब अमन यादव कोतवाली पहुंचा तो सिपाही द्वारा बताया कि गाजीपुर में एक अज्ञात शव मिला है जिसकी पहचान नहीं हो सकी। जिसके बाद सिपाही ने मृतक की फोटो दिखाया। मृतक का फोटो देखते ही अमन के पैरों तले से जमीन खिसक गई और चीखने चिल्लाने लगा, घटना की जानकारी परिजनों को होते ही परिवार में हड़कंप मच गया। मिली जानकारी अनुसार मृतक किशन यादव 12वीं का छात्र था, वह तीन बहनों में इकलौता था और बड़ी बहन की शादी हो चुकी है और पिता घर राजेंद्र यादव ऑटो चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता है। घर का इकलौता चिराग बुझ जाने से पिता और पूरा परिवार सदमे में है।

# हेलमेट न पहनने से सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, गांव में पसरा सन्नाटा

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। खुटहन थाना क्षेत्र के रामनगर बाजार के पास प्रयागराज वाया शाहगंज राजमार्ग पर तिलवारी गांव में बुधवार को कार की टक्कर से घायल बाइक सवार युवक की गुरुवार की भोर वाराणसी के ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान मौत हो गई। हेलमेट न पहनने से युवक के सिर में गंभीर चोटें आईं थीं। बीबीपुर रामनगर निवासी प्रमोद निषाद का 21 वर्षीय पुत्र शुभम बाइक से खुटहन बाजार जा रहा था। उक्त गांव में राजमार्ग पर हल्का मोड़ है। जहां सामने से आ रही अर्टिगा कार से बाइक टकरा गई। हेलमेट न पहने होने से शुभम के सिर में गंभीर चोटें आने से वह गिरकर बेहोश हो गया। मौके पर पहुंचे स्वजन उसे उपचार हेतु सीएससी बदलापुर ले गए। जहां गंभीर हालत देख चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। जिले से उसे वाराणसी ट्रामा सेंटर भेज दिया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस कार को कब्जे में ले लिया है। मृतक दो भाइयों और बहनों में सबसे बड़ा था। उसकी मौत की खबर से पूरी बस्ती में शोक छा गया।

# जौनपुर में 42 हजार से अधिक राशनकार्ड धारकों का सत्यापन शुरू

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जनपद में 42,000 से अधिक ऐसे राशनकार्ड धारकों का सत्यापन किया जा रहा है जो आयकर के दायरे में आते हैं। भारत सरकार की संभावित सूची के आधार पर यह जांच चल रही है, जिसके बाद अपात्र पाए जाने वालों के कार्ड रद्द किए जाएंगे। जिले में कुल 8,33,710 राशनकार्ड हैं, जिनमें 1,25,472 अंत्योदय और 7,08,238 पात्र गृहस्थी कार्ड शामिल हैं। सत्यापन ग्रामीण क्षेत्रों के 36,072 और नगरीय क्षेत्रों के 6,162 कार्डधारकों का किया जा रहा है। जिलापूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही ने बताया कि जांच ग्रामवार और पारदर्शी तरीके से की जा रही है। अब तक जिले में 90प्रतिशत ई-केवाईसी पूरी हो चुकी है, जिससे मृतक या अपात्र कार्डधारकों के नाम हटाए जा रहे हैं।

# आजमगढ़ में अंतरजनपदीय चोर गिरोह का पर्दाफाश

आजमगढ़(उत्तरशक्ति)। जनपद के निजामाबाद थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अन्तर्जनपदीय चोरी गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने 5 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया, जिनके कब्जे से 103 चोरी के मोटरसाइकिल टायर, एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, दो कारें, 5 मोबाइल फोन और 2,620 रुपये नकद बरामद किए गए। बरामद माल की अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख रुपये है। पुलिस के अनुसार, जनपद आजमगढ़ के विभिन्न थाना क्षेत्रों में टायर चोरी की घटनाएँ लगातार हो रही थीं। इनमें निजामाबाद, सरायमीर और कोतवाली थानों में दर्ज मामले शामिल हैं, जिनमें दुकानों से टायर, रिम और अन्य सामान चोरी किए गए थे। घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। 10-11 अक्टूबर की रात को थाना प्रभारी हीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर गन्धुवई कोल्ड स्टोर के पास दो कारों (मारुति अल्टो और रेनॉल्ट क्वीड) में सवार 5 संदिग्धों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्तों ने कबूल किया कि वे 6 लोगों का गिरोह बनाकर दुकानों के ताले तोड़कर चोरी करते थे और सामान को सस्ते दामों में बेच देते थे। गिरोह का एक अन्य सदस्य सुधीर चौहान फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

# साहेब मानसिक रूप से बीमार है मेरा पति

**महिला बोली- एक व्यक्ति लिखवाने के फिराक में है मेरी जमीन**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पचहटिया लाईन बाजार निवासी किशुना देवी उर्फ कृष्णा देवी ने जिलाधिकारी जौनपुर को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके पति के द्वारा जो दर्ज खातेदार हैं, मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं और बीते कुछ महीनों से शराब का अत्यधिक सेवन कर रहे हैं। इसी स्थिति का लाभ उठाते हुए गांव का एक दबंग व्यक्ति उनकी जमीन अपने नाम कराने की साजिश रच रहा है। प्रार्थनी ने अपने प्रार्थना पत्र में लिखा है कि उसका पति वर्तमान में लगभग 65 वर्ष का है और विगत कुछ समय से मानसिक रूप से असंतुलित रहता है। इस बीच, गांव के ही रतन चौहान द्वारा लगातार उसके पति को शराब पिलाई जा रही है।

आरोप है कि खुले तौर पर कहा है कि वह उसके पति के नाम की जमीन अपने नाम बैनामा करा लेगा। महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि उक्त व्यक्ति द्वारा उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है तथा गाली-गलौज की जा रही है। प्रार्थिनी को आशंका है कि दबाव और नशे की हालत में उसके पति से किसी भी समय विक्रय विलेख (रजिस्ट्री) कराई जा सकती है। महिला ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि यदि किसी भी परिस्थिति में उसके पति को विक्रय विलेख निष्पादन हेतु ले जाया जाता है, तो पहले उनका मानसिक परीक्षण किसी सरकारी चिकित्सक से कराया जाए। साथ ही, दबंग प्रवृत्ति के व्यक्ति के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

# देवा मेला में आयोजित बॉडी बिल्डिंग शो में मो0 शमी ने पाया दूसरा स्थान

## जूनियर बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन, क्षेत्र में खुशी की लहर

खेतासराय,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। देवा मेला-2025 के तहत मयूर मोटल रिसोर्ट में आयोजित भव्य बॉडी बिल्डिंग शो में खेतासराय क्षेत्र के शाहापुर गांव के मोहम्मद शमी पुत्र एहसान अहमद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जूनियर वर्ग में दूसरा स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई है।



यूपी के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद मोहम्मद शमी ने अपनी शारीरिक क्षमता, फिटनेस और अनुशासन के दम पर निर्णायकों को प्रभावित किया। आयोजन समिति की ओर से उन्हें मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अपनी सफलता पर प्रतिक्रिया देते हुए मोहम्मद शमी ने कहा कि—यह उपलब्धि मेरे जिम कोच और परिवार के सहयोग के बिना संभव नहीं थी। मैं आगे भी ऐसे आयोजनों में भाग लेकर प्रदेश और जिले का नाम रोशन करना चाहता हूं।

# जौनपुर में 78वें वार्षिक निरंकारी संत समागम की तैयारियाँ व्यापक तौर पर जारी

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। संत निरंकारी मिशन का 78वां वार्षिक संत समागम, पूर्ववर्ती वर्षों की दिव्यता और गरिमा के अनुरूप, इस वर्ष भी 31 अक्टूबर से 3 नवम्बर, 2025 तक समालखा (हरियाणा) स्थित संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल पर अत्यंत भव्यता, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के साथ आयोजित होने जा रहा है। यह दिव्य आयोजन सतगुरु माता सुदीक्ष महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के पावन सान्निध्य में संपन्न होगा, जिसकी सूचना ने समस्त श्रद्धालु भक्तों के हृदयों में अपार हर्ष और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार कर दिया है।

यह जानकारी देते हुए स्थानीय मीडिया सहायक उदय नारायण जायसवाल ने बताया कि *आत्ममंथन* विषय पर आधारित इस वर्ष का वार्षिक संत समागम अपने आप में एक अद्भुत एवं अनुपम आध्यात्मिक यात्रा है, जहां श्रद्धालु ब्रह्मज्ञान की आंतरिक ज्योति में सेवा, सिमरन और सत्संग करते हुए आनंद और प्रेमाभक्ति का अनुभव प्राप्त करेंगे। जनपद जौनपुर से सैकड़ो की संख्या में निरंकारी



सेवादल के भाई बहन सेवा करने हेतु समालखा पहुंच चुके हैं।

इस दिव्य उत्सव की तैयारियां अत्यंत श्रद्धा, लगन एवं निःस्वार्थ भावना से की जा रही हैं। श्रद्धालु भक्त, चाहे वे वृद्ध हों या युवा, पुरुष हों या महिलाएं, हर पृष्ठभूमि के भक्त सेवा में पूर्ण रूप से रत हैं। प्रातः काल की प्रथम किरण से लेकर संध्या के अंतिम प्रकाश तक, हर ओर भक्ति भाव से समर्पित सेवा का अपूर्व आलोक दिखाई देता है। कोई मिट्टी के तसले ढो रहा है। कोई शामियाने गाढ़ रहा है, तो कोई सफाई, जल प्रबंधन या भोजन व्यवस्था में जुटा है। 78वें वार्षिक संत समागम की भव्यता को प्रकट करता हुआ मुख्य गेट भी आकार लेने लगा है- एक ऐसा प्रवेश-द्वार, जो प्रेम, समरसता और आत्मिक एकत्व की यात्रा का प्रतीक बनेगा। यह सब कुछ समर्पण की उस भावना का प्रमाण है, जो सतगुरु के ज्ञान से उत्पन्न होती है। जिस प्रकार कहा भी गया है कि जहाँ सेवा में समर्पण जुड़ जाता है, वहीं हर क्षण उत्सव बन जाता है।

# पिकअप ने खेतासराय क्रॉसिंग गेट का बूम तोड़ा

## गेटमैन ने स्लाइडिंग बूम गिराकर स्टेशन से गुजारी ताप्तीगंगा

## प्राथमिकी दर्ज कर ड्राइवर को आरपीएफ ने किया गिरफ्तार

खेतासराय,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। उत्तर रेलवे लखनऊ वाया वाराणसी-अयोध्या रेल प्रखण्ड के खेतासराय रेलवे क्रॉसिंग पर शुक्रवार की दोपहर एक पिकअप वाहन ने क्रॉसिंग गेट को धक्का देकर क्षतिग्रस्त कर आगे बढ़ गया। आननफानन में गेट मैन ने स्लाइडिंग बूम गिराकर जौनपुर से आ रही ताप्ती गंगा को गुजारा। आरपीएफ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन चालक को हिरासत में ले लिया।



बताया जाता है कि स्टेशन मास्टर सुरेश यादव ने 12: 37 मिनट पर 19045 ताप्तीगंगा के गुजरने की जानकारी गेट मैन 55 एसपीएल को दी। जिस पर उसने उक्त क्रॉसिंग को बंद कर दिया। अचानक दीदारगंज मार्ग (उत्तरी) की तरफ से एक मिनी पिकअप बूम को धक्का देते हुए पूर्वी बूम को क्षतिग्रस्त कर आगे निकल गई। जिससे मौके पर हडकम्प मच गया। वाराणसी रुट से जौनपुर होकर शाहगंज जा रही ताप्ती गंगा के सिग्नल होने के चलते गेटमैन ने तुरंत स्लाइडिंग बूम गिराकर गेट बंद कर दिया। यहाँ से उक्त एक्सप्रेस ट्रेन के गुजरने के बाद महकमा ने राहत की सांस ली। सूचना पाकर पहुँची आरपीएफ पुलिस टीम ने ड्राइवर को हिरासत में लेकर अन्य आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है। आरपीएफ प्रभारी सुनील कुमार दिवाकर ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपी मझौरा निवासी मो फैजान को गिरफ़्तार कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## 50 हजार से अधिक नकद राशि पर दस्तावेज दिखाना जरूरी, नहीं तो राशि जब्त करेगा प्रशासन



**सिवान (उत्तरशक्ति)।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर बिहार के सीवान जिला प्रशासन के आदेश पर महाराजगंज अनुमंडल के एसडीओ अनीता सिन्हा एसडीपीओ अमन कुमार अनुमंडल क्षेत्र में सख्ती से जांच करने का निर्देश जारी कर दिया है। 50 हजार से अधिक नकद राशि रखने पर दस्तावेज दिखाना जरूरी होगा, अन्यथा राशि जब्त कर ली जाएगी। दोनों अधिकारियों ने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों पर विस्तार से चर्चा की और कहा कि चुनाव स्वच्छ, पारदर्शी, प्रलोभन रहित एवं भय मुक्त वातावरण में कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह से संकल्पित है।

निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग द्वारा गठित फ्लाइंग स्क्वायड एवं स्टेटिक सर्विलांस टीम के दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को सूचना दी जा सकती है। उसपर सख्ती से अमल किया जाएगा। कहा कि दस लाख से अधिक नकद मिलने की स्थित में सीधे आयकर विभाग को सूचना देने, और सभी प्रक्रियाओं को समय पर अंजाम दिया जा सकता है। साथ ही मद्य, नशीले पदार्थों की आवाजाही, आसामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखने का निर्देश क्षेत्र में दिया जाएगा। इस मामले में किसी भी तरह की ढील बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अवैध शस्त्रों पर भी इस दौरान नजर रखने की हिदायत दी गई है। कहा कि सभी प्रवर्तन एजेंसियों आयकर विभाग, जीएसटी, नार्कोटिक्स कन्ट्रॉल ब्यूरो व एसएसबी के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर अपने दायित्वों को निभाने को निर्देशित किया गया है।

## अनुदानित दर पर दलहन एवं तेलहन का बीज एक सप्ताह में होगा उपलब्ध : बीएओ

**सिवान (उत्तरशक्ति)।** बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज कृषि विभाग अनुदानित दर पर किसानों को दलहन एवं तेलहन के बीज के साथ दवा उपलब्ध करा रही है। बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज प्रखंड के कृषि पदाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया। किसानों के लिए दलहन दावा का भी 10 दिन महाराजगंज प्रखंड में भी उपलब्ध हो जाएगा। किसी से अनुदानित कर पर भी ले सकेंगे। प्रखंड कृषि पदाधिकारी डिलरों के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि इस योजना को किसानों तक पहुंचाने में अधिक से अधिक सहयोग करेंगे।, ताकि इसका लाभ किसानों को मिल सके। पदाधिकारी ने रबी योजना में प्रखंड को मिले लक्ष्य की जानकारी देते हुए कहा कि दलहन एवं तेलहन बीज वितरण इक्षुक किसान को देना है। उन्होंने बताया कि दलहन एवं तेलहन फसल को बढ़ावा देना है।

## लोकनायक जयप्रकाश ने राजनीति में सुचिता का रखा ख्याल : डॉ अभय

**सिवान (उत्तरशक्ति)।** बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज शहर के गोरख सिंह कॉलेज के बी एड प्रभाग में शुक्रवार को एक दिन पूर्व को लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती मनाई गयी। जिसकी अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ अश्वनी कुमार ने की। शनिवार को कालेज बंद रहने के कारण एक दिन पूर्व ही जयंती मनाई गयी। कालेज के प्राचार्य डॉक अश्वनी ने कहा कि जयप्रकाश नारायण का व्यक्तित्व एवं कृतित्व बिहार की परिवर्तनकारी राजनीति में छात्र आंदोलन को स्थान दिया।जो कि आपातकाल के विरुद्ध था। इस आंदोलन से निकले छात्र नेताओं को राजनीति में आने का पूर्ण अवसर मिला था। इस परिस्थिति में लोकनायक जयप्रकाश नारायण की भूमिका अति महत्वपूर्ण थी। निदेशक डॉ अभय कुमार ने कहा जननायक जय प्रकाश नारायण के बताये मार्ग पर चलने से राज्य एवं राष्ट्र प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा. जो व्यक्ति निस्वार्थ भाव से समाज व राष्ट्र सेवा के लिये अपना जीवन समर्पित कर दिया था।उन्होने राजनीति में सुचिता का ख्याल रखा। वही बी एड प्रभाग के शैक्षणिक निर्देशिका वीणा सिन्हा ,प्रो जगदीश सिंह, प्रो धीरेंद्र सिंह, विजय चौधरी, प्रो अनिल सिंह, प्रो मुरारी पांडे ने भी अपने विचार रखा।

## काशी में विद्वानों के बीच सम्मानित किए गए आचार्य पवन त्रिपाठी



**मुंबई ।** देश की अति प्राचीन और प्रतिष्ठित संस्था ज्योतिष विज्ञान समिति द्वारा वाराणसी में हुए राष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन में श्री सिद्धिविनायक मंदिर के कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। आरके ग्रैंड होटल, सिगरा वाराणसी में संपन्न हुए दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के प्रथम दिवस समिति के संपूणानंद संस्कृत विश्व विद्यालय के कुलपति बिहारी लाल शर्मा ,समिति के अध्यक्ष प्रो. नागेंद्र पांडेय , प्रो. रामचंद्र पांडेय , कामेश्वर उपाध्याय, प्रो. विनय पांडेय , उपाध्यक्ष प्रो. चंद्रमा पांडेय, महामंत्री प्रो. सदानंद शुक्ल, कोषाध्यक्ष प्रो चंद्रमौली उपाध्याय तथा राजीव नारायण पांडेय ने आचार्य पवन त्रिपाठी को सम्मानित किया। बता दें कि आचार्य त्रिपाठी ज्योतिष पत्रिका एस्ट्रोलॉजी टुडे के संपादक होने के साथ-साथ मुंबई भाजपा उपाध्यक्ष हैं। श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष तथा अनेक पुस्तकों के लेखक भी हैं। इस अवसर पर ₹ज्योतिष शास्त्र के आलोक में भारत का भविष्य एवं उसका वैश्विक प्रभाव₹ विषय पर आयोजित परिचर्चा में सहभागिता करते हुए आचार्य पवन त्रिपाठी ने कहा कि वाराणसी- काशी में सम्मानित होना जीवन का सौभाग्य है और सबसे बड़ा सौभाग्य है कि धर्म व ज्ञान की नगरी काशी में इतने विद्वानों के बीच में सम्मानित हो रहा हूं। काशी का इसलिए महत्व है क्योंकि प्राचीन काल से ही काशी को ज्ञान का केंद्र माना जाता रहा है। पूरी दुनिया में ज्ञान परंपरा, वैदिक समृद्धि, संस्कृति, संस्कार, सनातन, ज्योतिष, काशी से ही गया है। हम ज्योतिष की बात करें तो यह काफी प्राचीन, वैदिक कालीन विज्ञान, विशुद्ध विज्ञान है। नालंदा व तक्षशिला जैसे समकालीन प्रचीन विश्वविद्यालय में ज्योतिष शास्त्र का पठन-पाठन किया जाता था। मैं यहां पर एक बात और बताना चाहूंगा कि पूरी दुनिया को दिशा दिखाने का काम ज्योतिष ने किया है। अधिकांश बड़े कार्यो में, बड़े अभियानों में ज्योतिष का योगदान रहा है और रहता है क्योंकि उन कार्यों और अभियानों का शुभारंभ ज्योतिष के हिसाब से शुभ मुहूर्त देखकर ही होता है और मुझे पूरा का पूरा विश्वास है कि जैसे योग को दुनिया आज स्वीकार कर चुकी है वैसे एक न एक दिन ज्योतिष को भी स्वीकार करेगी और ज्योतिष विज्ञान का डंका पूरी दुनिया में बजेगा।

## पांच दिन से लापता नवविवाहिता का शव नदी में उतराया मिला

प्रयागराज (उत्तरशक्ति)। एयरपोर्ट कोतवाली के गांजा गांव स्थित ससुर खदेरी नदी से जुड़े नाले में शनिवार दोपहर लापता नवविवाहिता का सड़ा गला शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान गौसपुर कटहुला के मजरा फुलवारी बाग निवासी किशन लाल की बेटी रविता (20) के रूप में हुई है। सूचना पाकर डॉग स्क्वॉयड के साथ आई पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बेटी की हत्या की आशंका जताई है। गौसपुर कटहुला गांव के मजरा फुलवारी बाग निवासी किशन लाल मजदूरी कर गुजारा करते हैं। परिजनों के मुताबिक रविता की दो बड़ी बहनों की शादी हो चुकी है। रविता सबसे छोटी बेटी थी। एक माह पहले सात सितंबर को उसने पीपल गांव के फतेहपुर मोहल्ला निवासी राकेश कुमार से कोर्ट मैरिज किया था। इस रिश्ते से ससुराल पक्ष के लोग खुश नहीं थे। बड़ी बहन ने बताया कि कोर्ट मैरिज के बाद रविता अपने पति के साथ उसके घर पिपरी कोतवाली के कमालपुर बरेठी आई थी। कुछ दिनों तक रहने के बाद वह ससुराल लौट गई। पांच अक्तूबर को रविता अपने पति राकेश के साथ प्रयागराज के झलवा में मेला घूमने गई थी। इसी दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में वह लापता हो गई। पति राकेश ने घर लौटकर रविता की मां कुंती देवी को घटना की जानकारी दी। बेटी के लापता होने की जानकारी पाकर परिजनों में हड़कंप मच गया।

# विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के तहत जौनपुर में संवाद

### राज्यमंत्री गिरीश यादव बोले जौनपुर विकास की नई मिसाल बनेगा

**जौनपुर (उत्तरशक्ति )।** नगर पालिका परिषद जौनपुर के टाउन हॉल मैदान में समर्थ उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के अंतर्गत एक भव्य संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और सभासदों ने नगर विकास को लेकर अपने विचार साझा किए। इस मौके पर सफाई मित्रों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि प्रदेश के हर नगर निकाय को विकास की दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। जौनपुर ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध नगर है, और अब इसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करना हमारी प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का सपना है कि 2047 तक उत्तर प्रदेश देश के सबसे विकसित राज्यों में शामिल हो। इस दिशा में नगर निकाय की भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। जौनपुर में विकास की रफ्तार देखकर विश्वास है कि यह शहर प्रदेश की नई मिसाल बनेगा। विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश का विजन तभी साकार होगा जब नगर से लेकर गांव तक हर स्तर पर पारदर्शी और जनसहभागिता आधारित विकास हो। नगर पालिका परिषदों को योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा। जौनपुर की जनता में जो उत्साह है, वह आने वाले वर्षों में बड़े बदलाव का संकेत देता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद जौनपुर की अध्यक्ष श्रीमती मनोरमा रामसूरत मौर्या ने की। उन्होंने कहा कि जौनपुर नगर पालिका विकास की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। हमारा लक्ष्य है कि 2047 तक जौनपुर को एक स्वच्छ, सुंदर और स्मार्ट नगर बनाया जाए।

सड़कों, रोशनी, पेयजल, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। हम चाहते हैं कि नगर की हर गली और हर मोहल्ले में विकास की किरण पहुंच रही है। कार्यक्रम का संचालन सलमान शेख ने किया, और आभार अधिशासी अधिकारी पवन कुमार ने व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री पुष्पराज सिंह, जिला महामंत्री सुशील मिश्रा, धनंजय सिंह, एडीएम अजय अंबष्ट, प्रतिनिधि रामसूरत मौर्या, अधिशासी अधिकारी पवन कुमार, आशीष गुप्ता, श्याम मोहन अग्रवाल, अमित श्रीवास्तव, ब्रह्मेश शुक्ला, कृष्णकांत जायसवाल, विकास शर्मा, डीपीएम खुशबू यादव, मनोज यादव सहित सभी सभासद मौजूद रहे।

## महिलाओं और बच्चियों को कानून व अधिकारों की दी गई जानकारी



**वाराणसी(उत्तरशक्ति)।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के तहत मंडुवाडीह थाना पुलिस की ओर से शनिवार को चांदपुर पंचायत भवन में चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं और बच्चियों को उनके कानूनी अधिकारों और सुरक्षा से जुड़ी जानकारियाँ दी गईं। कार्यक्रम में मंडुवाडीह क्राइम इंस्पेक्टर विद्याशंकर शुक्ला, उपनिरीक्षक आर.के. यादव, प्रमिला यादव, अतुल सिंह, मडौली चौकी इंचार्ज देवेंद्र कुमार दूबे, कॉन्स्टेबल दिव्या और दीपिका सिंह मौजूद रहीं। अधिकारियों ने महिला सुरक्षा से संबंधित 1090 (वुमेन पावर लाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 181 (महिला हेल्पलाइन), 108 व 102 (स्वास्थ्य सेवा) तथा 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) जैसे महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन ग्राम प्रधान नीलू पटेल ने किया, जबकि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ओ.पी. पटेल ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं से अपील की कि किसी भी आपात स्थिति में बिना झिझक इन हेल्पलाइन नंबरों का प्रयोग करें और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें।

## पूर्व सांसद धनंजय सिंह को एमपी-एमएलए कोर्ट से बड़ी राहत, गैंगस्टर एक्ट के मामले में बरी



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को एमपी-एमएलए कोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में आज बरी कर दिया है। न्यायालय ने कहा कि अभियोजन पक्ष उनके विरुद्ध ठोस साक्ष्य दिया परन्तु अदालत ने उसे पर्याप्त साक्ष्य न मानते हुए पूर्व सांसद धनंजय सिंह समेत सभी आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया। जिला शासकीय अधिवक्ता लालबहादुर पाल के मुताबिक यह मामला करीब 15 वर्ष पुराना है। 1 अप्रैल 2010 को जनपद के केराकत थाना क्षेत्र के बेलावघाट गांव में ठेकेदारी के विवाद को लेकर फायरिंग हुई थी, जिसमें गांव के निवासी संजय निषाद और नंदलाल निषाद की गोली लगने से मौत हो गई थी।

इस वारदात के बाद पुलिस ने तत्कालीन सांसद धनंजय सिंह, आशुतोष सिंह, पुनीत सिंह समेत कुल चार लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया था। बाद में पुलिस ने चारों आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। प्रारंभिक जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों को क्लीन चिट दे दी थी, लेकिन मृतकों के परिजनों की मांग पर प्रकरण को सीबीसीआईडी को हस्तांतरित कर दिया गया। सीबीसीआईडी ने पुनः जांच करते हुए कुछ साक्ष्य एकत्र किए, जिसके बाद मामला एमपी-एमएलए कोर्ट में विचाराधीन रहा। उक्त दोहरे हत्याकांड में अदालत ने 3 जुलाई 2025 को ही पूर्व सांसद धनंजय सिंह को सभी आपराधिक आरोपों से बाइज्जत बरी कर दिया था। आज उसी प्रकरण से जुड़े गैंगस्टर एक्ट के मामले में भी एमपी-एमएलए कोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुनाते हुए उन्हें निर्दोष घोषित कर दिया। न्यायालय से बरी होने के बाद धनंजय सिंह के समर्थकों ने न्यायिक व्यवस्था के प्रति अपनी आस्था जताई है।

## जाली नोट और नकली सोने के बिस्कुट के साथ दो गिरफ्तार



**जौनपुर ( उत्तरशक्ति )।** थाना जलालपुर व स्वाट की संयुक्त टीम द्वारा दो अन्तर्जनदीय ठग को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से जाली नोट के 27600 रु० जाली पीली धातु विस्केट व वस्तुएं व एक्सयूीव गाड़ी आदि बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार थाना जलालपुर व स्वाट की संयुक्त टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर काकोरी नहर पुलिया के पास हाइवे से अजय सिंह उर्फ पिन्टू पुत्र लाल बिहारी सिंह निवासी इजरी थाना जलालपुर, अरविन्द पुत्र स्व अलगू सिंह निवासी ग्राम पटईल रत्नूपुर थाना चन्दवक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी के पास से, तीन चूड़ी रंग पीली धातु, दो कंगन पीली धातु, चार बिस्कुट पीली धातु, एक कलर पिन्टर, एक्सयूवी 700 ,दो मोबाईल, सत्ताइस हजार छः सौ रूपया जाली नोट, सात कार्ड आदि बरामद हुआ ओ 5 धारा 318(2), 318(4), 179, 180, 181 बीएनएस थाना जलालपुर पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। आरोपियों ने बताया कि बेरोजगार लोगों को रोजी रोजगार के नाम पर गाड़ी देने के नाम पर, प्रापर्टी आदि खरीदवाने के नाम पर छल व कपट करके पैसा ले लेते हैं तथा आम लोगों को प्रलोभन देकर नकली सोना देकर, असली के रुप मे बेंच देते है तथा जाली नोट को आम लोगों को विश्वास में लेकर दुगुना करने के नाम पर दे देते है तथा बाजार में भी जाली नोटों को चला देते हैं। जरुरत पड़ने पर प्रिंटर से जाली नोट को छाप लेते हैं। हम लोगों द्वारा इसी कमाई से अपना घर , मकान, गाड़ी, जीवन यापन का सामान खरीदा गया है तथा जो गाड़ी पकड़ी गयी है वह भी इसी कमायी से खरीदी गयी है।

## वाराणसी बना देश का पहला शहर, तैयार हुआ 3-डी अर्बन स्पेशियल डिजिटल ट्विन



**वाराणसी(उत्तरशक्ति)।** जनपद में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत वाराणसी शहर में 3-डी अर्बन स्पेशियल डिजिटल ट्विन वाला देश का पहला शहर बन गया है। इसके उपयोग को लेकर त्रिनेत्र भवन स्थित स्मार्ट सिटी कार्यालय में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य शहर के विभिन्न विभागों को डिजिटल ट्विन तकनीक के प्रयोग से परिचित कराना और शहरी प्रबंधन को अधिक प्रभावी व वैज्ञानिक बनाना था।

स्मार्ट सिटी द्वारा तैयार किए गए इस डिजिटल ट्विन में शहर के समस्त 160 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को शामिल किया गया है। इसके अंतर्गत सभी वार्डों का 3-डी डिजिटल मानचित्र तैयार किया गया है, जो देश में अपने आप में पहला उदाहरण है। इससे पूर्व इस तकनीक का प्रयोग केवल जयपुर में पायलट स्टडी के रूप में किया गया था।

स्मार्ट सिटी मिशन के तहत इस डिजिटल ट्विन को ₹लाइट डिटेक्शन एंड रेंजिंग तकनीक के माध्यम से विकसित किया गया है। इस अत्याधुनिक तकनीक से तैयार डिजिटल मैप में शहर की जलापूर्ति, सीवरेज, ट्रैफिक, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, ड्रेनेज और सड़क व्यवस्था जैसी सूचनाएं लेयर-वार संरक्षित की गई हैं। लगभग 50 से अधिक लेयरों वाले इस मैप में वाटर पाइपलाइन, स्ट्रीट लाइट, सार्वजनिक शौचालय, पेयजल स्रोत, भवनों की ऊंचाई, सड़क चौड़ाई और वार्ड सीमाओं का विस्तृत विवरण दर्ज है।

## हर दो घंटे में वोटिंग अपडेट ऐप से होगी स्थिति की जानकारी



**सिवान (उत्तरशक्ति)।** बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज अधिसूचना जारी होने के बाद बिहार के सीवान जिले में चुनावी तैयारियां पूरी गति से चल रही हैं। महाराजगंज के एसडीएम अनीता सिन्हा ने जानकारी दी कि इस बार हर मतदान केंद्र की स्थिति पर हर दो घंटे में वोटिंग अपडेट की जाएगी। प्रत्येक मतदान केंद्र पर मोबाइल जमा करने की सुविधा भी उपलब्ध होगी।जानकारी देते ऐप के माध्यम से नजर रखी जाएगी।

एसडीएम ने बताया कि सेक्टर ऑफिसर्स की बैठक आयोजित की जाएगी और सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था रहेगी। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर को है, जबकि समीक्षा 18 अक्टूबर तक पूरी होगी। अभ्यर्थी अपने नामांकन पत्र को 20 अक्टूबर तक वापस ले सकते हैं। महाराजगंज में मतदान 6 नवंबर को होगा और मतगणना 14 नवंबर को संपन्न की जाएगी। निर्वाचन प्रक्रिया 16 नवंबर तक पूरी कर ली जाएगी। बीएनएसएस की धारा 163 लागू रहेगी। एसडीएम ने मतदाताओं से विशेष अपील की है कि वह मतदान करने के लिए घर से बाहर जरूर निकलें और उत्सवी माहौल में अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक वोट महत्वपूर्ण है और लोकतंत्र को मजबूत करने में जनता की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

## सेक्स रैकेट चलाने वाली एक महिला एजेंट चढ़ी थाणे क्राइम ब्रांच के हत्थे ,एक महीला एजेंट फरार

**थाणे (उत्तरशक्ति)।** आज महाराष्ट्र के थाणे जिला के थाणे शहर पुलिस आयुक्तालय के अन्तर्गत अनैतिक मानवी वाहतुक शाखा की सीनियर पीआई वैशाली गोरडे को मुंबई के एनजीओ के माध्यम से सूचना मिलने के बाद थाणे शहर की एएच टीसी ने कासारवढ़वली पुलिस थाने की हद में घोड़बंदर रोड आनंद नगर सिंगल सूरज बायके होटल के पास बोगस ग्राहक भेजकर , छापा मारा, और एक महिला एजेंट को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद उक्त महिला को हिरासत में ली गई, महीला एजेंट के चंगुल से 2 पीड़ित लडकियों को देहव्यापार के दलदल से रेस्क्यू किया गया। गिरफ्तार और वांटेड महीला एजेंट ग्राहकों के मोबाईल फोन के व्हाट्सअप पर लड़कियों के फोटो भेजकर गोवा, पुना, गुजरात, थाणे और मुंबई में ग्राहकों को लडकिया सप्लाई करने का गोरख कारोबार पिछले कई महीनों से कर रही थी। इस सेक्स रैकेट की मास्टर माइंड महीला एजेंट को पोलिस ने वांटेड बताया है।

अब क्राइम ब्रांच की टीम गिरफ्तार एक महिला एजेंट और एक वांटेड महीला एजेंट के उपर भारतीय न्याय संहिता व पीटा एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कानूनी कारवाई और दो पीड़ीत लड़कीयों को सुरक्षित महिला सुधारगृह में भेजने की कानूनी प्रक्रिया कर रही है। इस तरह यह पीटा एक्ट के तहत कानूनी कारवाई थाणे शहर पुलिस आयुक्तालय के वरिष्ठ अधिकारीयों के मार्गदर्शन में थाणे शहर एएच टीसी सीनियर पीआई वैशाली गोरडे,पीएस आई स्नेहल शिंदे, पीएस आई निलेश क्षीरसागर, पीएस आई वालघुडे, एच सी विजय पाटील, राजेश सुवारे, किशोर पाटील, विजय नाइक,दिनेश महाले, चालक विजय निकम, महिला पोलिस हर्षिता थोरात, पूनम खरात, किरण चांदेकर, और एएच टीसी थाणे शहर की टीम ने संयुक्त रूप से कारवाई किया।

## क्लाईव डायस बने मुंबई कांग्रेस के उपाध्यक्ष, कहानिष्ठा और समर्पण के साथ निभाऊंगा नई जिम्मेदारी



मुंबई। कांग्रेस पार्टी ने संगठन को और अधिक मजबूत तथा सक्रिय बनाने के उद्देश्य से उत्तर-पश्चिम जिलाध्यक्ष क्लाईव डायस को मुंबई कांग्रेस का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की संस्तुति पर, पार्टी के महासचिव व सांसद केसी वेणुगोपाल द्वारा की गई है।

अपनी नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए क्लाईव डायस ने कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी, मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद वर्षा गायकवाड़, प्रभारी रमेश चेन्नीथला, सह प्रभारी यूबी वेंकटेश तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो नई जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वे पूर्ण निष्ठा, समर्पण और मनोयोग के साथ निभाएंगे।

डायस ने आगे कहा कि वे संगठन को मजबूत करने और पार्टी के जनाधार को बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे। साथ ही आगामी बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव में कांग्रेस को सफलता दिलाने के लिए पूरी मेहनत और लगन से प्रयास करेंगे। गौरतलब है कि क्लाईव डायस की पहचान पार्टी में बेदाग, कर्मठ और तेजतर्रार नेता के रूप में होती है। वे तीन बार अंधेरी ब्लॉक अध्यक्ष, दो बार उत्तर-पश्चिम जिलाध्यक्ष और एक बार नगरसेवक रह चुके हैं। जिलाध्यक्ष कार्यकाल के दौरान वे संगठन के हर छोटे से छोटे कार्यकर्ता को साथ लेकर चलने और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए सदैव तत्पर रहे हैं। क्लाईव डायस की इस नियुक्ति पर पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों में खुशी की लहर है तथा बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## दीपावली पर मूर्ति स्थापना को लेकर दो पक्षों में विवाद

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले के सरायमीर क्षेत्र के ग्राम शेरवा में दीपावली पर्व के अवसर पर मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर शनिवार को दो पक्ष आमने-सामने आ गए। कहासुनी बढ़ने पर स्थिति तनावपूर्ण हो गई। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक धर्मेंद्र कुमार आरक्षी सागर सिंह ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन दोनों ही पक्ष मूर्ति स्थापना को लेकर अड़े रहे और एक-दूसरे से विवाद करने लगे। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने शांति भंग होने व संज्ञेय अपराध होने की आशंका के मद्देनजर दोनों पक्षों से कुल 11 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों में प्रथम पक्ष के महेंद्र सोनकर, सुरेश सोनकर, संदीप सोनकर, दिलीप सोनकर, दीपक सोनकर, शक्ति सोनकर, मनोज सोनकर व द्वितीय पक्ष के राजकुमार, फुन्नन लाल, जयप्रकाश और मजेलाल शामिल हैं। सभी आरोपी सरायमीर थाना क्षेत्र के शेरवा पूरवा गांव का निवासी हैं। थाना प्रभारी निहार नंदन ने बताया कि सभी आरोपियों को थाना लाकर नियमानुसार जामा तलाशी ली गई, किसी के पास से कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई।




